# शो-पीस बन गए डिजिटल व्हीएमएस

## छह माह से बंद पड़े हैं, ठेके के इंतजार में अनुपयोगी साबित हो रहे बोर्ड, स्मार्ट सिटी ने लगाए थे

**नवभारत न्यूज**
**( अवनीश जैन )**

**सागर 23 सितंबर. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी में लाखों रुपए की लागत से शहर के प्रमुख मार्गों पर लगाए गए डिजिटल व्हीएमएस छह माह से बंद पड़े हैं मगर संबंधित एजेंसी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है.**




मालूम हो कि स्मार्ट सिटी द्वारा सागर नगर में 10 स्थानों पर डिजिटल व्हीएमएस लगाए गए थे जो कि जन सामान्य को जनउपयोगी जानकारी देने के लिए लाखों रुपए खर्च कर शहर के सिविल लाइन, कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर, गौर मूर्ति तीन बत्ती सहित अन्य स्थानों पर लगाकर ठेके पर दे दिए गए थे. जिसका ठेका मार्च माह में समाप्त हो जाने के बाद से डिजीटल व्हीएमएस अनुपयोगी साबित हो रहे हैं.

मालूम हो कि व्हीएमएस का संचालन और संधारण कर रही कंपनी का कार्यकाल मार्च में समाप्त हो गया था. जिसके चलते बोर्ड बंद पड़ें हैं नई कंपनी के लिए स्मार्ट सिटी द्वारा प्रक्रिया शुरु कर दी गई मगर छह माह बाद भी कोई ठेकेदार आगे नहीं आया है.

मालूम हो कि स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के 48 वार्डों के नाम से संबंधित बोर्ड के अलावा नगर निगम सीमा में प्रवेश और 10 स्थानों पर डिजीटल बीएमएस लगाए जाने के लिए एक कंपनी से अनुबंध किया था जो कि समाप्त भी हो चुका है.

> स्मार्ट सिटी द्वारा अनुबंध समाप्त होने के बाद पहली बार डिजीटल व्हीएमएस डिस्पले बोर्ड ठेके पर दिए जाने की प्रक्रिया शुरु की गई है जो कि अभी पूर्ण नहीं हो सकी है. शहर के 10 स्थानों पर लगे डिस्पले बोर्ड के माध्यम से शासन की जनउपयोगी जानकारियों को आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा था. जो कि छह माह से बंद पड़ा है. विभागीय सूत्रों की माने तो प्रक्रिया चल रही है. जल्द ही ठेकेदार के सामने आने के बाद डिस्पले शुरु हो जायेंगे. मगर वर्तमान में तो 10 डिस्पले बोर्ड लाखों रुपए खर्च करने के बाद शो पीस बनकर रह गए हैं.

## 14 वाहनों पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया

**सागर.** आरटीओ द्वारा भोपाल मार्ग पर 46 वाहनों की जांच की गई. जांच के दौरान 14 वाहनों में फस्टएड बॉक्स, रिफ्लेक्ट टेप, व्हीएलटीडी, अग्निशमन यंत्र, एचएसआरपी नम्बर प्लेट आदि कमियां पाये जाने पर उक्त वाहनों से मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत् चालानी कार्यवाही करते हुए पचास हजार रूपया का जुर्माना वसूल किया गया. आरटीओ मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि यात्री बसों द्वारा ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट लेकर स्टेज कैरिज के रूप में संचालन करने की प्राप्त हो रही शिकायतों के संबंध में भी जांच की जायेगी तथा ऐसा होता पाये जाने पर संबंधित यात्री बसों के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी. इस अभियान के दौरान मप्र मोटरयान कर जमा न करने वाले वाहनों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जायेगी.

# सीएम के आगमन को लेकर सौंपे दायित्व

## सुरखी विस के जैसीनगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भाग लेंगे कल



**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संभावित सागर आगमन को लेकर कलेक्टर संदीप जी.आर ने एसपी विकास शाहवाल सहित अन्य अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को निर्देश दिए.**

कलेक्टर ने जैसीनगर पहुंचकर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन के संबंध में सभी तैयारियां का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि मौसम को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल, हेलीपैड पर भी सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिसमें पेयजल, शौचालय, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाएं समय के पूर्व की जाए. हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक सड़क मार्ग को आवागमन की दृष्टि से साथ रखें. कार्यक्रम स्थल पर सीसीटीवी कैमरा से निगरानी भी की जावे. एसपी श्री शाहवाल ने कहा कार्यक्रम स्थल पार्किंग हेलीपैड सहित मुख्यमंत्री के द्वारा सड़क मार्ग को सुचारू रूप से रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किया जावे जहां आवश्यकता हो तत्काल बेरिकेटिंग करें. कार्यक्रम स्थल एवं अन्य जगह अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा एवं आवश्यकता पड़ने पर ड्रोन के माध्यम से भी मॉनिटरिंग होगी.

> जैसीनगर आगमन को लेकर कार्यक्रम के सुचारू संचालन एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर ने कार्यपालिक दंडाधिकारियों सहित संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व सौंप दिए हैं. जिनमें संपूर्ण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल तक लाने एवं भोजन व्यवस्था हेतु जिपं सीईओ विवेक केवी, व्हीआईपी ग्रीन रूम, प्रदर्शनी एवं स्टॉल तैयारी हेतु राजनंदनी शर्मा संयुक्त कलेक्टर को जिम्मेदारी मिली है.

## एक नजर में



### केंद्रीय मंत्री से भोपाल में मुलाकात

**सागर.** महापौर श्रीमती संगीता तिवारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने भोपाल प्रवास के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंटकर किसानों के कल्याण के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की. महापौर ने श्री चौहान को नगर निगम द्वारा नगर विकास एवं सौंदर्यीकरण के किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी. इस अवसर राजकुमार पटेल, शैलेंद्र ठाकुर, रिशांक तिवारी, नमन चौबे उपस्थित थे.



### क्षत्रिय समाज की बैठक में ज्ञापन का निर्णय

**बंडा.** क्षत्रिय समाज की बैठक जिला अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में 29 सितंबर को सागर में नगर निगम के द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप मूर्ति की स्थापना में देरी हो रही जिसमे समस्त क्षत्रिय समाज ज्ञापन देगी. बैठक में जाहर सिंह ने संबोधित किया. अभार कृष्णा सिंह झागरी ने माना. बैठक में मंगल सिंह राजपूत, रणवीर सिंह, नथ्थू सिंह, गोविंद सिंह, भूपत सिंह, लखन सिंह, देवप्रशांत सिंह, भूपेंद्र सिंह सिंगदोनी, पुष्पेन्द सिंह, कुलदीप सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, रामकृष्ण क्रायला, विश्वनाथ डिलाखेडी, सचिन सिंह गडर अदि मौजूद थे.



### संकल्प प्रतिज्ञा नहीं, सामाजिक क्रांति का आगाज

**सागर.** नवरात्रि पर नारी शक्ति चेतना समूह की 76 बहनों ने मां जगदंबा की आराधना करते हुए एक स्वर में संकल्प लिया कि समाज को मां, बहन, बेटी से जुड़ी अपमानजनक गालियों से मुक्त किया जाएगा. यह संकल्प केवल एक प्रतिज्ञा नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का आरंभ है. संस्थापक श्रीमती प्रीति केसरवानी ने कहा कि मां दुर्गा सम्पूर्ण सृष्टि की जननी और स्त्री शक्ति का अनंत स्वरूप हैं. वैचारिक स्वच्छता अभियान संस्थापक डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि अब समय आ गया है जब हर भक्त स्वयं में यह संकल्प ले कि जीवन में कभी भी इस अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं करेगा.



### सड़क निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा

**गौरझामर.** देवरी विधानसभा क्षेत्र के कई गांव ऐसे हैं जहां अभी तक सड़क निर्माण नहीं हो पाया है. जानकारी के अअनुसार केसली मुख्यालय को जोड़ने वाली बिलहरी मेडकी से ग्राम पुतरा तक रोड ना होने के कारण 25-35 गांव के लोगो को केसली मुख्यालय आने जाने में काफी परेशानी होती है. केसली से बिलहरी तक रोड की समस्या 4 साल पहले केसली से पुतरा गांव तक रोड बना हुआ है जबकि बीच रास्ते में जंगल में ठेकेदार द्वारा 4 किलोमीटर रोड नहीं बनाया गया. मानव भगवती कल्याण संगठन के कार्यकर्ता जवाहर सिंह लोधी, कैलाश सिंह लोधी, नरपत सिंह, मुन्ना सिंह, उत्तम सिंह, सरपंच मुकेश यादव, राजकुमार लोधी द्वारा केसली तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. लोगों ने शासन- प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर चुनाव तक रोड नहीं बन रहा तो 25-35 गांव के लोग चुनाव का बहिष्कार करेंगे.

# योगाभ्यास कराया गया

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 सितंबर. पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में आयुर्वेद दिवस पर विशेष इंटीग्रेटेड योग शिविर, आयुर्वेदिक उपचार, जैविक आहार एवं स्वदेशी परंपरागत चिकित्सा, सेवा कार्य एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया.**



इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला मेडिकल अधिकारी, डॉ. जोगेंद्र सिंह, विशेष अतिथि आकाश चौरसिया एवं सुशील लहरवानी अध्यक्ष झूलेलाल धर्मशाला उपस्थित रहे. अध्यक्षता पतंजलि योग समिति मध्यप्रदेश (पूर्व) के राज्य प्रभारी भगत सिंह योगाचार्य ने की. योगाचार्य श्री सिंह ने इंटीग्रेटेड योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया. इसमें उन्होंने योगिक जॉगिंग के 18 अभ्यास कराए. जनसमूह को नशामुक्त, रोगमुक्त और भयमुक्त समाज निर्माण की दिशा में संकल्प शपथ दिलाई.

# विकसित भारत अभियान आत्मनिर्भरता से जुड़ा

**नवभारत न्यूज**

**बंडा 23 सितंबर. शासकीय महाविद्यालय में सेवा सप्ताह का आयोजन हुआ.**

समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कुलदीप यादव ने की. डॉ. शैलेन्द्र सकवार ने सेवा सप्ताह मनाने की रूप रेखा प्रस्तुत की. इस पखवाडे में आयोजित कार्यक्रमों की थीम विकसित भारत पर आधारित है.

प्राचार्य डॉ. यादव ने कहा कि हमारे राष्ट्र का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का स्वरूप स्थापित किया जाये, इस हेतु प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी होना चाहिए.



डॉ. स्वीटी मिश्रा ने कहा कि परिवार के बड़े-बुर्जग की सेवा तथा सम्मान से लेकर संपूर्ण परिवार में समन्वय स्थापित किया जाए. ग्रंथाध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जो जिम्मेदारी मिली है उसे मनोयोग से निर्वाह किया जाए. कार्यक्रम में प्रमुख रुप से डॉ. अयूब खान, डॉ. नितीश ओबराइन, डॉ. अशोक पन्या, डॉ. अजब सिंह राजपूत, डॉ. बाबूलाल, डॉ. विनीत गुरु, गजराज भारती, डॉ. सुनील चक्रवर्ती, डॉ. रश्मि प्रीति गुरू एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे. संचालन डॉ. शैलेन्द्र सकवार ने किया एवं आभार डॉ. संजय सिंह ठाकुर ने माना. कार्यक्रम में महाविद्यालय का शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित था.

## लूट के आरोपी पकड़े

**सागर.** मोतीनगर थाना पुलिस ने अज्ञात लूटकांड का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार ग्राम बंदेलनखेड़ा निवासी रक्षपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने मौसेरे भाई विक्रम यादव के साथ भाग्योदय अस्पताल सागर आया था. दोनों राजीवनगर वार्ड पहुँचे ही थे कि एक काले रंग की हीरो होंडा बाइक और एक सफेद स्कूटी पर आए चार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया. पुलिस ने गौरव कोरी निवासी सुबेदार वार्ड, राज कोरी निवासी काकागंज वार्ड को गिरफ्तार किया है.

# स्वस्थ महिला सशक्त भारत पर संगोष्ठी संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 सितंबर. भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश एवं एमपी गर्ल्स वटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में स्वस्थ महिला, सशक्त भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ.**

अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण तभी संभव है जब वे स्वस्थ हों. महिलाओं का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य हमारे देश का भविष्य है. महिला हमारे समाज का आधार स्तंभ हैं. वे घर-परिवार की देखभाल करने



वाली, शिक्षिका, और समाज की सशक्त स्त्री हैं. मुख्य अतिथि 7 एमपी गर्ल्स वटालियन-एनसीसी की मेजर प्रतिभा तिवारी ने कहा कि मानव जीवन में स्वास्थ्य का बहुत महत्व है, विशेषकर महिलाओं का स्वास्थ्य, हमारे समाज और देश के विकास की आधारशिला है.

> इस दौरान डॉ. ज्योति चैहान ने संबोधित किया. आभार शैलबाला बैरागी ने माना. इस आवसर पर सुबेदार मेजर सतीश कुमार, सीपीके राय, अर्चना पांडेय, श्रीमती नेहा जैन, नंदिनी शर्मा, उर्मिला उपस्थिति थीं. संचालन संस्कृति द्वारा किया गया.

## राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में हिस्सा लिया आदित्य ने

**सागर.** डा. हरीसिंह गौर विवि के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-4 के दसवीं कक्षा के छात्र आदित्य गौतम ने राष्ट्रीय स्तर की 54वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूंद प्रतियोगिता में शतरंज खेल में हिस्सा लिया. केंद्रीय विद्यालय ओएनजीसी चाँदखेड़ा, अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित 54वीं राष्ट्रीय केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-17 बालक वर्ग में आदित्य गौतम ने जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व किया. संकुल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भी चयनित हैं.

# सफाई मित्रों को सम्मानित किया




**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 सितंबर. मकरोनिया के वार्ड क्रमांक 16 एवं वार्ड 17 में सफाई अभियान चलाया गया एवं दवाई का छिड़काव भी किया गया.**

विधायक प्रदीप लारिया के द्वारा सभी रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई. नपा अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, विवेक सक्सेना, भागीरथ सब्जीवाले सहित सभी जनप्रतिनिधि के द्वारा सफाई में सहयोग कर श्रमदान किया गया. विधायक श्री लारिया नपा अध्यक्ष श्री अहिरवार ने सफाई मित्रों को सम्मानित किया.

# एसडीएम ने केसली के पटवारी को निलंबित किया

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 सितंबर. केसली एसडीएम गगन बिसेन ने पटवारी दीपेश दांगी पटवारी हल्का नं. 46 जमुनिया चिखली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.**

तहसीलदार केसली प्रेमनारायण सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई है. प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया कि पटवारी दीपेश दांगी द्वारा राजस्व कार्यों में लगातार लापरवाही बरती जा रही थी. वे हल्के में उपस्थित नहीं रहते थे और राजस्व समीक्षा बैठकों में भी अनुपस्थित पाए गए. इसके लिए 11 सितम्बर एवं 16 सितम्बर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था.

> जानकारी के अनुसार नोटिस मिलने के बाद भी पटवारी श्री दांगी द्वारा आज दिनांक तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया. अधिकारियों ने इसे कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना मानते हुए अनुशासनहीनता और कदाचार की श्रेणी में पाया. इसी आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई. निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा तथा मुख्यालय तहसील केसली ही रहेगा.
>
> बताया गया कि राजस्व कार्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

## स्टील भंडार संचालक पर एसिड फेंकी गई

**सागर.** मकरोनिया चौराहे के समीप प्रिंस मार्केट में गुप्ता स्टील भंडार के संचालक बसंत गुप्ता पर एसिड अटैक की घटना हुई. घटना की जानकारी लेने नरयावली विधायकप्रदीप लारिया मार्केट पहुंचे. बर्तन व्यापारी श्री गुप्ता की इलाज के चलते दुकान बंद होने के कारण विधायक श्री लारिया ने कारोबारी की दुकान के आसपास के व्यवसायियों से घटना के संबंध में पूछताछ कर जानकारी ली. विधायक श्री लारिया ने पुलिस अधीक्षक विकास साहवाल एवं पुलिस अधिकारियों से दूरभाष वार्ता कर एसिड अटैक के मामले में त्वरित जांच के निर्देश दिए और आरोपी पर शीघ्र कार्यवाही के संबंध में बात की.विधायक ने गंभीर घटना की निंदा की है.

# अवैध रूप से पटाखों का निर्माण एवं भंडारण पर पुलिस ने की जप्ती की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 सितंबर. मोतीनगर थाना अंतर्गत संत रविदास वार्ड में किराए की दुकान में अवैध रूप से पटाखों के निर्माण और भंडारण की सूचना पर जप्ती की कार्रवाई पुलिस द्वारा की गई. लगभग 50 हजार रुपए की सामग्री बरामद की गई है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी मोतीनगर निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि संतरविदास वार्ड, सागर स्थित किराए की दुकान में अवैध रूप से पटाखों का निर्माण एवं भंडारण किया जा रहा है. सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुँची.

दुकान मालिक ओमकार प्रजापति पिता प्यारे लाल प्रजापति उम्र 47 वर्ष, निवासी संतरविदास वार्ड दुकान के अंदर मिला. समक्ष गवाहन दुकान की तलाशी लेने पर कुल 2000 नग पटाखे विभिन्न पैकिंग में एवं लगभग 30 किलो बारूद व अन्य विस्फोटक सामग्री कुल अनुमानित कीमत लगभग 50,000/- आंकी गई है.


> पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी से जब उक्त विस्फोटक सामग्री के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के संबंध में लाइसेंस के बारे में पूछा गया तो उसने कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया. आरोपी द्वारा अवैध रूप से रहवासी क्षेत्र में विस्फोटक पदार्थ का निर्माण एवं भंडारण करना पाया गया. आरोपी के विरुद्ध थाना मोतीनगर में अपराध क्रमांक दर्ज कर धारा 287 भारतीय दंड संहिता एवं धारा 5/9 (ख)(1)ख विस्फोटक अधिनियम 1984 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है.

# सामाजिक कुरीतियों को लेकर परिचर्चा

**नवभारत न्यूज**

**रहली 23 सितंबर. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहली में चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है.**

राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्र इकाई स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ राष्ट्रीय कैडेट कोर और क्रीड़ा विभाग के तत्वाधान कार्यक्रमों की श्रृंखला में सामाजिक कुरीतियों विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया. जिसमें महाविद्यालय स्टाफ के सदस्यों द्वारा समाज में व्याप्त



विभिन्न कुरीतियों के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया तथा रासेयो इकाई के छात्र-छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया गया. ऊर्जा संरक्षण पर एक कार्यशाला का आयोजन कराया गया जिसमें ऊर्जा के परंपरागत और अपरंपरागत स्त्रोतों के बारे में जानकारी दी गई तथा छात्र-छात्राओं को ऊर्जा संरक्षण के लाभों के बारे में बताया गया. अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सुषमा चौरसिया के द्वारा की गई. इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ के सभी सदस्य स्वयंसेवक कैडेट्स मौजूद रहे.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मकरोनिया जिला सागर

क्रं./लो.नि./निविदा/2025/7975 — **//निविदा आमंत्रण सूचना//** — मकरोनिया दिनांक: 23.09.2025

केंद्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली के अंतर्गत मप्र लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम एवं स्थान | अनुमानित लागत (लाख में) एवं समयावधि | अमानत राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_453340 | वार्ड क्रमांक-14 में मंगल भवन निर्माण कार्य | 71.88<br>06 माह | 54000.00<br>10000.00 | 27.10.2025 |
| 2. | 2025_UAD_453228 | वार्ड क्रमांक-16 में संत रविदास भवन का मरम्मत कार्य | 8.47<br>03 माह | 8500.00<br>2000.00 | 09.10.2025 |
| 3. | 2025_UAD_453229 | भारत माता चौक के पास शौचालय निर्माण कार्य | 8.02<br>03 माह | 8100.00<br>2000.00 | 09.10.2025 |
| 4. | 2025_UAD_453227 | निकाय कार्यालय भवन में मरम्मत कार्य | 8.47<br>03 माह | 8500.00<br>2000.00 | 09.10.2025 |
| 5. | 2025_UAD_453551 | वार्ड क्रमांक-17 में LT POLE स्थापना कार्य (द्वितीय निविदा) | 9.26<br>02 माह | 9300.00<br>2000.00 | 09.10.2025 |

- निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन बेवसाईट www.mptenders.gov.in से कार्य क्रमांक 01 हेतु दिनांक 24.09.2025 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 27.10.2025 को शाम 05.30 बजे तक क्रय एवं जमा किए जा सकते हैं। ऑनलाइन निविदा दिनांक 29.10.2025 को खोली जावेगी एवं कार्य क्रमांक 02 से 05 हेतु दिनांक 24.9.2025 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 09.10.2025 को शाम 05.30 बजे तक क्रय एवं जमा किए जा सकते हैं। ऑनलाइन निविदा दिनांक 11.10.2025 को खोली जावेगी। किसी भी प्रकार का संशोधन केवल बेवसाइट पर प्रदर्शित किया जावेगा किसी समाचार पत्र में कोई संशोधन प्रकाशित नहीं किया जावेगा।
- निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर पालिका परिषद मकरोनिया को होगा।
- निकाय द्वारा ठेकेदार मेसर्स अर्चना इंटरप्राइजेज पंतनगर वार्ड सागर पंजीयन क्रमांक PWD 230065512 एवं मेसर्स पुष्पेंद्र सिंह कॉन्ट्रेक्टर पंजीयन क्रमांक PWD 220059095 को निकाय स्तर पर ब्लैकलिस्ट किया गया है। इनकी किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मकरोनिया जिला सागर म.प्र.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मकरोनिया जिला सागर म.प्र.